	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा
भूमि विक्री अनुमति वाद सं०–03/2021
सी० एन०टी० एक्ट की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत
श्री सूर्यदेव बिन्द —विक्रेता
प्रति
श्रीमती अनिता देवी —क्रेता

आदेश

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक (विक्रेता) श्री सूर्यदेव बिन्द, पिता–स्व० जुगडी बिन्द, ग्राम–सोनपुरवा, पोस्ट–गढ़वा, थाना वो जिला–गढ़वा में नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को क्रेता श्रीमती अनिता देवी, पति–श्री अरूण पाल, ग्राम–फरठीय, पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत भूमि विक्री करने हेतु आवेदन पत्र दिया है। उक्त आवेदन पत्र पर अंचल अधिकारी, गढ़वा से आवेदन पत्र में वर्णित भूमि पर जाँच कर विहित प्रपत्र में स्पष्ट अनुशंशा के साथ एवं आम इस्तेहार का विधिवत तामिला कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई। अंचल अधिकारी, गढ़वा के जाँच प्रतिवेदन उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा के पत्रांक 79/दिनांक 22.02.2022 के द्वारा प्राप्त हुआ एवं विक्रेता के द्वारा प्रतिवेदित भूमि के संबंध में आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित भूमि का विक्रेता के स्वयं के नाम से मांग पंजी II के पृष्ट सं०–19/16 पर चलता है। विक्रेता जाति के बिन्द (पिछड़ा वर्ग) एवं क्रेता जाति के पाल गड़ेरी (पिछड़ा वर्ग) के सदस्य है, विक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही जिला गढ़वा के निवासी है। विक्रेता प्रस्तावित भूमि विक्री करने के पश्चात् भूमिहीन नहीं होते हैं। प्रस्तावित भूमि आवेदक (विक्रेता) के शांतिपूर्ण दखल–कब्जे में हैं। यह भूमि भूदान, भू–हदबंदी, वन सीमा इत्यादि से मुक्त है।

अतः उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा एवं अंचल अधिकारी, गढ़वा के जाँच प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक में आवेदक (विक्रेता) श्री सूर्यदेव बिन्द, पिता–स्व० जुगडी बिन्द, ग्राम–सोनपुरवा, पोस्ट–गढ़वा, थाना वो जिला–गढ़वा ने श्रीमती अनिता देवी, पति–श्री अरूण पाल, ग्राम–फरठीय, पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि की विक्री करने हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अन्तर्गत विक्री हेतु हस्तानान्तरण करने हेतु स्वीकृति दी जाती है।

भूमि का विवरणः–

ग्राम	थाना सं०	खाता सं०	प्लॉट सं०	रकबा (एकड़ में)	चौहदी
सोनपुरवा	242	214	530	0.03 1/4	उ०–उर्मिला देवी, द०–मथुरा बिन्द, पू०–जयकृष्ण शर्मा, प०–रोड़
			कुल रकबाः–	0.03 1/4	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला अवर निबंधक, गढ़वा को भेजे।

लेखापित एवं संशोधित।

15/12/2022 — अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

15/12/2022 — अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2022.12.05 16:16:22 +05:30
Location: 192.168.36.160

Scanned with CamScanner